# संघ का शताब्दी वर्ष : राष्ट्र चेतना संदेश से गूंजा अभिषेक सिनेमा

नवभारत न्यूज





**खंडवा।** राष्ट्र जीवन के पुनरुत्थान, सांस्कृतिक जागरण एवं संगठित समाज निर्माण के महान उद्देश्य से स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने 100 वर्ष पूर्ण कर राष्ट्र सेवा की गौरवशाली शताब्दी का इतिहास रचा है। संघ की स्थापना डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा इस संकल्प के साथ की गई थी कि संगठित, संस्कारित और चरित्रवान समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला बन सकता है।

इसी शताब्दी वर्ष की प्रेरणादायी यात्रा को चलचित्र के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली फिल्म शतक का सामूहिक प्रदर्शन आज खंडवा स्थित अभिषेक सिनेमा में महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं संघ कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

फिल्म 'शतक' में संघ स्थापना की पृष्ठभूमि, स्वतंत्रता पूर्व की राष्ट्रीय परिस्थितियाँ, संगठन निर्माण की तपश्चर्या, अनुशासन, सेवा कार्यों की परंपरा तथा सामाजिक समरसता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। चलचित्र के माध्यम से यह दर्शाया गया कि किस प्रकार एक विचार से प्रारंभ हुआ संगठन आज सेवा, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जागरण का व्यापक अभियान बन चुका है।

महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि इस फिल्म के माध्यम से विशेष रूप से युवा पीढ़ी को संघ की मूल विचारधारा, संगठन शक्ति और राष्ट्र प्रथम के संकल्प से परिचित कराना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि 'शतक' केवल ऐतिहासिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना को जागृत करने वाला प्रेरणादायी माध्यम है, जो समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का संदेश देता है। समापन पर सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन कर राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। उपस्थित लोगों ने राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अधिक ऊर्जा, अनुशासन और समर्पण के साथ सक्रिय रहने का संकल्प लिया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, जिला प्रभार अंबालाल कराड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, पूर्व विधायक देवेन्द्र वर्मा, राम डांगोरे, पूर्व महापौर सुभाष कोठारी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश डोंगरे, सेवादास पटेल, नरेंद्र सिंह तोमर, जिला महामंत्री संतोष सोनी, धर्मेंद्र बजाज, सूरजपाल सिंह सोलंकी, अमर यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रियांशु चौरे, तपन डोंगरे, सुधांशु जैन एवं इंदमती दुबे सहित नगर निगम के एमआईसी सदस्य, पार्षदगण आदि उपस्थित थे।

# सनावद ट्रेन ओंकारेश्वर रोड तक चलाने की मांग, रेलमंत्री को भेजा मेल

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** सामाजिक संस्था जनमंच एवं निमाड़ मालवा रेल विकास समिति ने क्षेत्रीय रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर रेलमंत्री एवं प्रधानमंत्री को मेल एवं ट्वीट कर सनावद सुपरफास्ट पैसेंजर तथा खंडवा-सनावद मेमू ट्रेन का संचालन ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन तक शुरू करने की मांग की है।

सदस्यों ने बताया कि सनावद से ओंकारेश्वर रोड तक ब्रॉडगेज रेल लाइन का कार्य लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व पूर्ण हो चुका है तथा जुलाई 2024 में सीआरएस परीक्षण सफलतापूर्वक किया जा चुका है। सुरक्षा अनुमति मिलने के बावजूद अब तक ट्रेन संचालन शुरू नहीं होने से क्षेत्रवासियों एवं दर्शनार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जनमंच ने कहा कि आगामी सिंहस्थ-2028 को देखते हुए ओंकारेश्वर 'योतिर्लिंग आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु रेलवे कनेक्टिविटी अत्यंत आवश्यक है। साथ ही खंडवा-इंदौर ब्रॉडगेज कन्वर्जन कार्य को युद्ध स्तर पर पूर्ण करने की मांग भी उठाई गई।

बैठक में जनमंच एवं समिति के चंद्रकुमार सांड, अनुराग बंसल, कमल नागपाल, सुनील जैन, गणेश कानडे, धीरेंद्र सिंह, डॉ. राजेंद्र पलोड़, ओमप्रकाश बंसल एवं राकेश गेहलोत सहित सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 2 मार्च को

**खंडवा ।** आगामी दिनों में आने वाले त्यौहारों को शांतिपूर्वक एवं सद्भावपूर्ण तरीके से मनाने के उद्देश्य से आगामी 2 मार्च सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। सिटी मजिस्ट्रेट श्री बजरंग बहादुर ने बताया कि यह बैठक कलेक्ट्रेट खण्डवा के सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे से आयोजित होगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### ओंकारेश्वर में शुकदेव मुनि द्वार चौड़ीकरण पर सहमति



**खंडवा।** ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर परिसर स्थित शुकदेव मुनि द्वार के चौड़ीकरण को लेकर शुक्रवार को पुलिस थाना मांधाता के कंट्रोल रूम में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन, मंदिर ट्रस्ट, संत समाज एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में द्वार के विस्तार पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुनासा एवं ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज वर्मा ने बताया कि वर्तमान में शुकदेव मुनि द्वार की चौड़ाई लगभग दो से ढाई फीट है, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में कठिनाई होती है। प्रस्तावित योजना के अनुसार द्वार की चौड़ाई बढ़ाकर चार से पांच फीट किए जाने से दर्शन व्यवस्था अधिक सुगम एवं सुरक्षित हो सकेगी।

बैठक में आर्किटेक्ट रितुराज ने प्रोजेक्टर के माध्यम से चौड़ीकरण योजना का विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया तथा निर्माण से संबंधित तकनीकी पहलुओं की जानकारी साझा की।

बैठक में षट्दर्शन संत मंडल के अध्यक्ष महंत मंगलदास त्यागी, पंडा संघ अध्यक्ष नवलकिशोर शर्मा, मंदिर पुजारीगण एवं ब्राह्मण समाज प्रतिनिधियों ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए श्रद्धालु सुविधा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रकाश परिहार, अधिवक्ता मनीष पुरोहित, सांसद प्रतिनिधि गजेन्द्र अग्रवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोनिका पारधी, थाना मांधाता प्रतिनिधि चेतना चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### एप्सटिन फाइल में केंद्रीय मंत्री का नाम आने पर महिला कांग्रेस ने किया पुतला दहन



**खंडवा।** एप्सटिन फाइल में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम आने के आरोपों को लेकर महिला कांग्रेस ने गुरुवार शाम जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने गांधी भवन से रैली निकालकर केवलराम पेट्रोल पंप तक मार्च किया और केंद्रीय मंत्री का पुतला दहन कर विरोध जताया। महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव सुनीता सकरगाये ने कहा कि यह मामला केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि महिला सम्मान और देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा है। शहर अध्यक्ष हेमलता पालीवाल ने कहा कि ऐसे गंभीर आरोपों में नाम आने पर मंत्री को नैतिकता के आधार पर तत्काल पद छोड़ देना चाहिए। जिला अध्यक्ष रचना तिवारी और शहर अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और बीजेपी नेताओं पर तीखे आरोप लगाए। इस मौके पर महिला कांग्रेस की सुनीता सकरगाये, हेमलता पालीवाल, रचना तिवारी, सरोज बघेल, मीना वर्मा, रूपा कास्डे, शहर अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी, सुनील सकरगाये, शांतनु दीक्षित, सलीम पटेल, चैनसिंह वर्मा, प्रेमांशु जैन, इमरान गौरी, मनोज मंडलोई, विकास व्यास, अय्यूब लाला, शहजाद पवार, सागर पवार, दिव्यांश ओझा, हन्नान खोकर, अब्दुल कादिर, गुरप्रीत सिंह होरा, विशाल जैन, वामनराव जाधव, वकील नीलकंठ, आशीष कपिल, योगेश जांगिड़ और अन्य बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, और पुलिस बल कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रहा।

### कवियों और कलाकारों का फाग उत्सव आज

**खंडवा।** साहित्यकार परिवार कवि कला संगम के कवियों एवं कलाकारों व्दारा फाग उत्सव 2026 के दौरान आज बहुरंगीय शब्दों की पिचकारी के माध्यम से उपस्थितों को रंग-बिरंगी रंगों से रंगा जायेगा। यह जानकारी देते हुए ककस प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस फाग उत्सव के संयोजक ओमप्रकाश चौरे एवं दीपक चाकरे चक्कर एवं सूत्रधार संस्थापक सुनील चौरे उपमन्यु है। श्री मंगवानी ने बताया कि यह आयोजन आज शाम 4:15 से 6 बजे तक आनन्द नगर आईटीआई के पीछे कर्मवीर सिटी फ़ार्म हाउस श्री खाटूश्याम जी मंदिर के सामने आयोजित होगा।

# सीमा प्रकाश को 'डिस्टिंग्विश्ड लीडरशिप ऑनर' सम्मान

नवभारत न्यूज



**खंडवा ।** जब संकल्प निस्वार्थ हो और प्रयास निरंतर, तो सफलता केवल एक लक्ष्य नहीं बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा बन जाती है। कुछ ऐसा ही उदाहरण पेश किया है स्पंदन समाज सेवा समिति की सचिव और प्रख्यात समाजसेवी सीमा प्रकाश ने, जिन्हें नई दिल्ली में आयोजित 'नेशनल सीएसआर समिट 2026' के गौरवशाली मंच पर 'डिस्टिंग्विश्ड लीडरशिप ऑनर' से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें 'टाइम्स फाउंडेशन' और 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' द्वारा एक भव्य समारोह के दौरान प्रदान किया गया। यह पुरस्कार उनकी उस जमीनी स्तर की क्रांति का प्रमाण है जो उन्होंने वंचित वर्गों के उत्थान के लिए शुरू की है।

समारोह के दौरान सीमा प्रकाश को एक 'ग्रासरूट्स चेंज मेकर' के रूप में पहचाना गया, जिन्होंने जटिल सामाजिक बाधाओं को पार करते हुए सकारात्मक बदलाव की नींव रखी। उनके कार्यों की सराहना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक उत्तरदायित्व केवल कॉर्पोरेट एजेंडा नहीं है, बल्कि सीमा प्रकाश जैसे नेतृत्वकर्ताओं के माध्यम से यह एक वास्तविक राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया बन जाता है। अपने संबोधन में उन्होंने बहुत ही विनम्रता के साथ इस उपलब्धि का श्रेय उन सभी कार्यकर्ताओं को दिया जो दिन-रात समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक मदद पहुँचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्पंदन समाज सेवा समिति का ध्येय केवल सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि लोगों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

समिट में उपस्थित देश भर के कॉर्पोरेट लीडर्स और नीति निर्माताओं ने चर्चा की कि किस तरह सीमा प्रकाश के नेतृत्व में समिति ने स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक बदलाव लाए हैं। इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि जब सेवा का भाव स'चा हो, तो वह बड़े से बड़े मंच पर अपनी पहचान बना ही लेता है। यह सम्मान निश्चित रूप से भविष्य में सामाजिक कल्याण की दिशा में कार्य करने के लिए नई ऊर्जा और उत्तरदायित्व का संचार करेगा।

# अयोध्या तीर्थ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**खंडवा।** अयोध्या तीर्थ यात्रा के अंतर्गत शुक्रवार को खंडवा रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर महापौर अमृता अमर यादव ने तीर्थ यात्रियों का पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान करते हुए उन्हें मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

यात्रा के पूर्व चयनित यात्रियों को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक पार्वतीबाई धर्मशाला में टिकट वितरण किया गया। समस्त व्यवस्थाएँ प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समन्वय से सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुईं।

श्रद्धालुओं में भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या धाम के दर्शन को लेकर विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण परिलक्षित हुआ।

# अनूप-मधु मिहानी दंपती ने की देहदान की घोषणा



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नाकोड़ा नगर भंडारिया रोड निवासी अनूपकुमार मिहानी और पत्नी मधु मिहानी ने मरणोपरांत देहदान का घोषणा पत्र भरा। सक्षम संस्था एवं लायन्स-नेत्रदान देहदान समिति के संयोजक नारायण बाहेती ने बताया कि दंपत्ति ने अपने पुत्र शशिकांत, रविकांत, पुत्री लीना और बहु श्रीमती सुरभि मिहानी की सहमति के साथ यह घोषणा समिति को सौंपा। यह समिति द्वारा किया गया 167वां देहदान पंजीकरण है।

अनूप-मधु मिहानी ने भावुक शब्दों में कहा कि 'मृत्यु के बाद शरीर जलाने के बजाय जीवन देने का अवसर देना बेहतर है। हमारे नेत्र किसी को दृष्टि और हमारी देह मेडिकल विद्यार्थियों को शिक्षा दे सकती है।'

समिति के सहयोग से अब तक 22 देह मेडिकल कॉलेज को सुपुर्द की जा चुकी हैं और 521 दिवंगत व्यक्तियों के नेत्रदान सफलतापूर्वक किए गए हैं। इस अवसर पर नारायण बाहेती, डॉ. सोमिल जैन, प्रहलाद तिरोले, सुनील जैन, राजीव मालवीय, लायन्स क्लब एवं लियो क्लब के पदाधिकारी उपस्थित रहे। समिति ने मानवता और समाजसेवा के इस जागरूकता कार्य को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

# भूकंप पूर्व तैयारी और क्षमतावर्धन विषय पर प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** रा'य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन विभाग इकाई खंडवा द्वारा भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में शासकीय अधिकारियों को शामिल किया गया, जबकि द्वितीय सत्र में एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स, नेहरू युवा केन्द्र के प्रतिनिधि, होमगार्ड, सिविल डिफेंस एवं आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड आशीष कुमार कुशवाहा ने भूकंप के इतिहास एवं कारणों की जानकारी दी। जिला चिकित्सालय के मेडिकल ऑफिसर डॉ. विशाल ने भूकंप के दौरान तात्कालिक बचाव उपायों एवं व्यक्तिगत सुरक्षा पर मार्गदर्शन दिया, वहीं डॉ मनोहर ने लाइफ सेविंग गतिविधियों की जानकारी दी। एसएन कॉलेज के प्रोफेसर रवि किराड़ ने भूगर्भीय हलचल एवं भूकंप की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# पुलिस लाइन खंडवा में बलवा परेड का अभ्यास

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** पुलिस लाइन में शुक्रवार को जनरल परेड का आयोजन किया गया, जिसका निरीक्षण पुलिस उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार राय ने किया। परेड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारनेकर, प्रशिक्षु ढ्क्ष्क्र अमित कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव कुमार बारंगे, उप पुलिस अधीक्षक अनिल सिंह चौहान, अनुभागीय अधिकारी पुलिस (मूँदी) मनोहर सिंह गवली एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) अनिल कुमार राय सहित जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल, महिला बल एवं यातायात के 140 अराजपत्रित अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

परेड कमांडर सूबेदार धरम सिंग जामोद के नेतृत्व में पुलिस बल ने अनुशासन, स्क्वाड ड्रिल और बलवा परेड का अभ्यास किया। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने अ'छे टर्न आउट वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया और आवश्यक सुधार हेतु कम टर्न आउट वाले कर्मियों को निर्देशित किया।

साथ ही जिले के सभी शासकीय पुलिस वाहनों का निरीक्षण किया गया, जिसमें सायरन, इंडिकेटर, बलवा सामग्री, टियर गैस और टूल किट की जाँच शामिल थी। थाना हरसूद के आरक्षक जितेश सयदे को वाहन रख-रखाव में उत्कृष्टता पर पुरस्कृत किया गया।

बलवा परेड का अभ्यास उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) अनिल कुमार राय के नेतृत्व में कराया गया और पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कानून व्यवस्था की व्यावहारिक चुनौतियों पर थाना प्रभारियों को मार्गदर्शन दिया।

परेड के पश्चात पुलिस कार्यालय का निरीक्षण भी किया गया, जहां सूबेदार नितिन निंगवाल ने 01-02-08 बल के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया। शस्त्रागार, स्टोर और कार्यालय की साफ-सफाई का निरीक्षण भी किया गया।

# लघु उद्योग, निर्यात और निवेश समन्वय समिति की बैठक

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** जिला पंचायत खंडवा के सभागृह में लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड, निर्यात प्रोत्साहन समिति एवं निवेश समन्वय समिति की जिला स्तरीय बैठक अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नवीन औद्योगिक क्षेत्र सुरगांव निपानी के विकास एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत प्रसंस्करण प्रोत्साहन, औद्योगिक इकाइयों में निर्यात वृद्धि और उद्यमियों की समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। अपर कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि उद्यमियों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए। बैठक में एमएसएमई उद्योगों के संवर्धन और जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र को एकल खिड़की निवेश सहायक केंद्र बनाने पर भी विचार हुआ।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक एसएस रावत ने सुरगांव निपानी औद्योगिक क्षेत्र के विकास और भूमि आवंटन की प्रक्रिया की जानकारी दी। बैठक में एमपीआईडीसी, नगर निगम, कृषि, वन, श्रम और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान 28 फरवरी से प्रारंभ किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने बताया कि 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को यह टीका लगाया जाएगा। स्कूलों के माध्यम से पात्र बालिकाओं की सूची तैयार की गई है।जिले में टीकाकरण के लिए 7 केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें जिला चिकित्सालय खंडवा सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंधाना, छैगांवमाखन, मूंदी, खालवा, हरसूद एवं किल्लौद शामिल हैं।

डॉ. जुगतावत ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण के कारण होता है। इसके लक्षणों में असामान्य रक्तस्राव, बदबूदार स्राव, कमर व पेल्विक दर्द शामिल हैं।

# जनपद उपाध्यक्ष पर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली का आरोप

## सरपंच ने की सीईओ से शिकायत

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जनपद पंचायत खंडवा में भ्रष्टाचार और राजनीतिक रसूख के दुरुपयोग का एक बेहद गंभीर मामला प्रकाश में आया है। ग्राम पंचायत शिवना के सरपंच पवन पाटीदार ने सीधे तौर पर जनपद उपाध्यक्ष और भाजपा नेता मदन तिरोले की शिकायत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित में सौंपी है।

शिकायती पत्र में सरपंच ने उपाध्यक्ष पर अवैध धन की मांग करने, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और विकास कार्यों में बाधा डालने जैसे संगीन आरोप लगाए हैं। सरपंच पवन पाटीदार, जो पिछले चार वर्षों से पंचायत का कार्यभार संभाल रहे हैं, का कहना है कि उनके द्वारा शासन की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन तकनीकी मापदंडों और सचिव व उपयंत्री की उपस्थिति में पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया है। बावजूद इसके, जनपद उपाध्यक्ष मदन तिरोले द्वारा उन्हें बार-बार फोन कॉल कर और विभिन्न स्थानों पर बुलाकर अवैध राशि (कमीशन) की मांग की जा रही है।

# ग्राम पंचायत भीलखेड़ी में उत्साहपूर्वक मनाया भगोरिया

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** निमाड़ क्षेत्र में आदिवासी संस्कृति का प्रतीक भगोरिया पर्व शुक्रवार को ग्राम पंचायत भीलखेड़ी में धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व स्थानीय समाज में भाईचारा, उत्साह और परंपराओं का जीवंत उत्सव माना जाता है। ग्रामीणों ने रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया और स्थानीय रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत भीलखेड़ी के सरपंच हार्दिक सोलंकी, सचिव उत्तम गंगराड़े, उपसरपंच राजेश सिसोदिया और प्रमुख प्रतिनिधि कशीराम नेताजी उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को भगोरिया पर्व की महत्ता बताते हुए सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को बनाए रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में आदिवासी गीत-संगीत, नृत्य और पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया, जिससे छोटे-बड़े सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थानीय युवाओं और ब'चों ने विशेष परंपरागत नृत्य प्रस्तुत किए, जिसने समारोह को और भी जीवंत बना दिया।

भगोरिया के रंग और उत्साह ने पूरे ग्राम को उत्सव की माहौल में बदल दिया। उपस्थित लोगों ने इस अवसर को मिलजुल कर मनाते हुए आपसी भाईचारे और समुदायिक सहयोग का संदेश भी दिया। ग्राम पंचायत द्वारा सभी ग्रामीणों को पर्व की शुभकामनाएं दी गईं।